# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
### कार्यालय आदेश

संख्या–1/एम–1–101/2020 (छायासंचिका)– 28 पटना, दिनांक– 21.08.2025

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत सरकार के स्तर पर तथा विभागाध्यक्ष के स्तर पर कार्यों के बंटवारे एवं संचिकाओं के उपस्थापन की प्रक्रिया के संबंध में विभागीय कार्यालय आदेश सं0–07–सह–पठित ज्ञापांक–156, दिनांक–19.03.2025 द्वारा विभागीय कार्य आवंटन आदेश निर्गत किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–14/पद0–703/2025–15046/सा0प्र0, दिनांक–12.08.2025 के द्वारा डॉ0 गजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना का अन्यत्र स्थानांतरण एवं श्रीमती पूजा कुमारी (बि0प्र0से0) का पदस्थापन विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पद पर किया गया है। उक्त के आलोक में श्रीमती पूजा कुमारी द्वारा दिनांक–14.08.2025 के पूर्वाह्न में विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पद पर प्रभार ग्रहण कर लिया गया है। फलस्वरूप उक्त कार्यालय आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न प्रकार से विभागीय कार्य आवंटित किया जाता है :–

| प्रशाखा | विषय | प्रभारी पदा0, जिन्हें कॉलम–2 में अंकित कार्य से संबंधी संचिका प्रशाखा उपस्थापित करेंगे | प्रभारी पदाधिकारी जिन्हें कॉलम–3 के पदाधिकारी द्वारा संचिका उपस्थापित किया जायेगा | प्रभारी पदा0, जिन्हें कॉलम–3/4 के पदा0 द्वारा संचिका उपस्थापित किया जायेगा । | प्रभारी पदा0, जिन्हे कॉलम–4/5 के पदा0 द्वारा संचिका उपस्थापित किया जायेगा। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | **क्षेत्रीय स्थापना**<br>(क) क्षेत्रीय कार्यालयों के वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के कर्मचारियों (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय के प्रधान सहायक, प्रधान लिपिक, लेखा लिपिक को छोड़कर) के स्थापना संबंधी सभी कार्य एवं विधान मण्डलीय मामले।<br>क्षेत्रीय कार्यालयों एवं बिहार राज्य जल पर्षद (बुडको) में प्रतिनियुक्त कार्यभारित स्थापना अंतर्गत वर्ग–3 एवं 4 के कर्मचारियों की स्थापना संबंधी सभी कार्य/ क्षेत्रीय कार्यालयों के छटनीग्रस्त कर्मियों के समायोजन संबंधी कार्य तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति संबंधी मामले। | श्री चन्द्रशेखर प्रसाद रजक, अवर सचिव | –– | श्रीमती पूजा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी | श्री नित्यानन्द प्रसाद, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)। (पद रिक्त होने की स्थिति में सचिव/ प्रधान सचिव) |
| 10 | **अंकेक्षण शाखा –सह आन्तरिक वित्तीय सलाहकार कोषांग**<br>(क) लोक लेखा समिति, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों का अंकेक्षण /अंकेक्षण प्रतिवेदन/निरीक्षण प्रतिवेदन। सी0ए0जी0, प्रारूप कंडिका आदि से संबंधित कार्य। | श्री यशवीर सिंह, अवर सचिव | श्रीमती पूजा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी | श्री नित्यानन्द प्रसाद, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)। | सचिव/प्रधान सचिव |
| 15 | भू–अर्जन से संबंधित सभी कार्य | कार्य0 अभि0, लोक स्वा0 परियोजना प्रमंडल सं0–1, 2, 3, 4 एवं 5, पटना | श्रीमती पूजा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी | श्री संजीव कुमार (भा॰प्र॰से॰), विशेष सचिव | सचिव/प्रधान सचिव |

2. पूर्व में निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझा जाय।
3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
4. प्रस्ताव पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक– 608 पटना, दिनांक– 21.08.2025

प्रतिलिपि--विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख--सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/ अपर सचिव/संयुक्त सचिव (प्र0को0)/विशेष पदाधिकारी/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) /सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी पदाधिकारी (मुख्यालय) /सभी प्रशाखा पदाधिकारी/विभागीय आई0टी0 मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/विभागीय कंट्रोल रूम/ विभागीय डाक पटल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक– 608 पटना, दिनांक– 21.08.2025

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)